पुत्रकाम शुभ जग्य करावा ।। भगति सहित मुनि आहुति दीन्हे प्रगटे अगिनी चरू कर लीन्हे ।।
जो बसिष्ठ कछु हृदय बिचारा । सकल काजु भा सिद्ध तुम्हारा ।।
|| Ram Katha 965 - ※मानस गोपनाथ || Gopnath, Mahua ( Gujarat) || मोरारी बापू

सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 173 | इंदौर, मंगलवार 06 जनवरी, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

● निवेशकों को मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आमंत्रण, बोले-

## देश का सबसे बेहतर इन्वेस्टमेंट फ्रेंडली स्टेट है मध्यप्रदेश



**जयपुर, (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश आज देश का सबसे बेहतर इन्वेस्टमेंट फ्रेंडली स्टेट बनकर उभरा है और वर्ष 2025 में सर्वाधिक निवेश पाने वाला देश का तीसरा राज्य रहा है। उन्होंने निवेशकों से आह्वान किया कि वे अपने आइडिया को जमीन पर उतारें, मध्यप्रदेश सरकार हर कदम पर उनके साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को जयपुर में आयोजित राजस्थान डिजीफेस्ट–टीआईई ग्लोबल समिट 2026 में मध्यप्रदेश सेशन को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर राजस्थान के उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा सहित देश-विदेश के निवेशक, उद्योगपति और स्टार्ट-अप प्रतिनिधि मौजूद रहे। समिट में मध्यप्रदेश सरकार ने स्टेट पार्टनर के रूप में सहभागिता की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश देश का सबसे युवा राज्य है और यह टाइगर स्टेट, चीता स्टेट, फॉरेस्ट स्टेट, मिनरल स्टेट और बिजली सरप्लस स्टेट होने के साथ-साथ अब निवेशकों की पहली पसंद बन गया है। देश के मध्य में स्थित होने के कारण मध्यप्रदेश व्यापार, उद्योग, स्टार्ट-अप और निर्यात के लिए एक आदर्श केंद्र बन रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की 18 नई उद्योग-अनुकूल नीतियां, विस्तृत लैंड बैंक, पर्याप्त जल उपलब्धता, कुशल मानव संसाधन, मजबूत लॉजिस्टिक्स और पारदर्शी प्रशासन निवेश के लिए आदर्श वातावरण तैयार कर रहे हैं।

**एमपी टियर-2 शहरों में टेक्नोलॉजी सेक्टर का नेतृत्व कर रहा –** समिट में अपर मुख्य सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संजय दुबे ने बताया कि मध्यप्रदेश टियर-2 शहरों में टेक्नोलॉजी सेक्टर का नेतृत्व कर रहा है। भोपाल में प्रस्तावित एआई एवं नॉलेज सिटी, डेटा सेंटर नीति, सेमीकंडक्टर और ड्रोन पॉलिसी निवेशकों को आकर्षित कर रही हैं। समिट के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निवेशकों और वैश्विक उद्योग प्रतिनिधियों से वन-टू-वन संवाद कर मध्यप्रदेश में रणनीतिक निवेश और दीर्घकालिक साझेदारी के अवसरों पर चर्चा की। विशेष एमपी पवेलियन में स्टार्ट-अप्स और कंपनियों ने अपने नवाचार प्रस्तुत किए।

राष्ट्रीय राजमार्गों का विस्तार तेज

# सिंहस्थ-2028 के लिए सड़क नेटवर्क होगा मजबूत और सुरक्षित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की अध्यक्षता में दिल्ली में मध्यप्रदेश की राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव, मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, मुख्य सचिव अनुराग जैन और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। बैठक में केंद्रीय मंत्री गडकरी ने प्रदेश में सड़क परियोजनाओं की संतोषजनक प्रगति की सराहना करते हुए निर्देश दिए कि सिंहस्थ-2028 को ध्यान में रखते हुए सभी प्रस्तावित सड़क कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूरे किए जाएं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग केवल आवागमन का माध्यम नहीं हैं, बल्कि क्षेत्रीय विकास, पर्यटन और आर्थिक गतिविधियों के लिए भी महत्वपूर्ण हैं।



उन्होंने सड़क निर्माण की गुणवत्ता, सौंदर्यीकरण और सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। दुर्घटना संभावित स्थानों की पहचान कर प्राथमिकता के आधार पर सुधारात्मक कार्य किए जाएं।

केंद्रीय मंत्री ने पेचवर्क और सड़क रख-रखाव की गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर जोर दिया और कहा कि टोल टैक्स वाली सड़कों की स्थिति मानकों के अनुरूप हो। लंबित परियोजनाओं को समयबद्ध रूप से पूरा करने के लिए अधिकारियों को कड़ी हिदायत दी गई। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्ष कटाई न्यूनतम करने और ट्री ट्रांसप्लांट तकनीकों का उपयोग करने का भी निर्देश दिया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बैठक के बाद कहा कि यह समीक्षा बैठक केंद्र और राज्य के बीच समन्वय को और मजबूत करेगी और राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की गति और गुणवत्ता दोनों सुनिश्चित करेगी। उन्होंने कहा कि लंबित परियोजनाओं से जुड़े कार्यों जैसे भूमि अधिग्रहण, पर्यावरण स्वीकृति और निर्माण गुणवत्ता पर समन्वित निर्णय लिए गए हैं।

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने बताया कि राज्य में सड़क परियोजनाएं तेजी से प्रगति पर हैं और इनके पूरा होने से आवागमन सुगम होगा, आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और नागरिकों को बेहतर परिवहन सुविधा मिलेगी। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने बताया कि मध्यप्रदेश में कुल 61 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं विभिन्न चरणों में क्रियान्वयन की स्थिति में हैं।

भागीरथपुरा में 17वीं मौत

# महामारी घोषित नहीं की गई सिर्फ डायरिया है...

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** भागीरथपुरा में 17वीं मौत हुई है। दूषित पानी पीने से मरने वालों की संख्या रविवार तक 16 थी। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, सरकार ने भागीरथपुरा में महामारी फैलना स्वीकार किया है। वहीं, कलेक्टर शिवम वर्मा ने सोमवार को समाचार एजेंसी एएनआई से कहा कि एपिडेमिक (एक क्षेत्र में संक्रमण) कैसे फैला, इसकी जांच एम्स भोपाल और आईसीएमआर की टीम कर रही है। सीएमएचओ डॉ. माधव हसानी ने कहा- महामारी घोषित नहीं की गई है। सिर्फ डायरिया है, जिससे भागीरथपुरा को एपिडेमिक यानी संक्रमित माना है। प्रभावित क्षेत्र में 4 जनवरी को स्वास्थ्य विभाग ने 2354 घरों का सर्वे किया। 9416 लोगों की जांच की गई, जिनमें 20 नए मरीज मिले हैं। 429 पुराने मरीजों का फॉलोअप



ओमप्रकाश शर्मा, मृतक

लिया गया। शासन मंगलवार को हाईकोर्ट की इंदौर बेंच में विस्तृत रिपोर्ट पेश करेगा। ओमप्रकाश शर्मा (69) मूलतः शिव विहार कॉलोनी धार के रहने वाले थे। वे रिटायर्ड पुलिसकर्मी थे। अपने बेटे से मिलने इंदौर आए थे। उन्हें 1 जनवरी को उल्टी-दस्त के कारण एक प्राइवेट हॉस्पिटल में एडमिट किया गया था। जांच में उनकी किडनी का खराब होना पाया गया था। हालत और बिगड़ने पर 2 जनवरी को आईसीयू में एडमिट किया गया। दो दिन बाद वेंटिलेटर पर लिया गया। रविवार दोपहर 1 बजे उनकी मौत हो गई। परिजन ने बताया कि वे सिर्फ ब्लड प्रेशर के मरीज थे। दूषित पानी से उनकी किडनी खराब हो गई थी। इसके बाद हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। वहीं, बॉम्बे हॉस्पिटल में 11 मरीज आईसीयू में भर्ती थे, जिनमें से 4 मरीजों को वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया है। रविवार रात तक की स्थिति में 7 मरीजों का आईसीयू में इलाज चल रहा है। अब तक कुल 398 मरीज अस्पतालों में भर्ती किए गए, जिनमें से 256 को डिस्चार्ज किया जा चुका है। अलग-अलग अस्पतालों में 142 मरीजों का इलाज जारी है। भोपाल के स्टेट सर्विलांस अधिकारी डॉ. अश्विन भागवत ने कहा- किसी क्षेत्र में बीमारी से मरीजों की संख्या सामान्य से ज्यादा बढ़ती है तो उसे आउटब्रेक कहा जाता है। भागीरथपुरा में आउटब्रेक था, लेकिन अब तेजी से मरीजों की संख्या घटी है। इसके साथ ही डिजिटल सर्वे भी किया जा रहा है। स्थिति पहले से काफी नियंत्रित है। सीएमएचओ डॉ. माधव हसानी ने पहले आदेश जारी किया था कि एकेडमिक को देखते हुए इस मामले में जुटे स्वास्थ्यकर्मियों के अवकाश निरस्त किए गए हैं। अब उन्होंने कहा है कि यह महामारी नहीं बल्कि आउटब्रेक है। अब संशोधित आदेश जारी किया गया है। इसमें छुट्टियां कैंसिल नहीं की गई हैं बल्कि जो अवकाश है, वह यथावत रहेंगे।

### आरओ की डिमांड बढ़ गई...

# नर्मदा और टैंकर के पानी को लेकर लोगों में डर का माहौल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** भागीरथपुरा में दूषित पानी से अब तक 17 लोगों की जान चली गई। अभी भी यहां लोगों में नर्मदा और टैंकर के पानी को लेकर लोगों में डर का माहौल है। जिससे इलाके में आरओ की डिमांड बढ़ गई है। कई लोग अपने घरों में आरओ लगवा रहे हैं। लोगों का कहना है कि कई जगह टैंकरों में भी गंदा पानी आ रहा है। कई लोगों की जान चली गई। कई लोग बीमार हैं इसलिए घरों में आरओ लगा रहे हैं। इधर, भागीरथपुरा में अब बोरिंग का पानी भी दूषित मिला है। मामला सामने आने के बाद शहर में बोरिंग के पानी के सैंपल लिए गए थे। जिनमें से 35 सैंपल फेल हो गए हैं। इनका पानी पीने योग्य नहीं है। ऐसे में इलाके के 516 बोरिंग के पानी के यूज पर प्रतिबंध लगा दिया है। इनमें 400 निजी और 116 सरकारी हैं। इसके अलावा 112 पानी की टंकियों, नलों का पानी और बोरिंग के भी रविवार को सैंपल लिए गए। जिनकी जांच निजी लैब में कराई जाएगी। निगम की खुद की एक लैब है, लेकिन वहां भी कम कर्मचारी हैं। 29 दिसंबर को मामला सामने आने के बाद से इलाके में डर का माहौल है। कई लोग जहां नर्मदा का पानी भरने से बच रहे है, वहीं वे बोरिंग, आरओ और बोतल के पानी पर निर्भर है। हालांकि इलाके में टैंकरों से पानी की सप्लाई की जा रही है। लोगों को पानी



छानकर और उबालकर इस्तेमाल करने की सलाह दी जा रही है। ओआरएस के पैकेट और जिंक की गोलियां वितरित की जा रही है। वहीं कई दुकानों पर लोग नाश्ता और चाय बनाने तक में बोतल के पानी का इस्तेमाल कर रहे है। घरों में लोग बोरिंग के पानी तक को उबाल कर पी रहे है। कई जगह टैंकरों में भी गंदा पानी आ रहे है, ऐसे में लोग इस पानी को भी यूज करने से बच रहे हैं। डर के कारण इलाके में आरओ की डिमांड बढ़ती जा रही है। रहवासी राहुल कोरी ने बताया कि घर में आरओ मशीन लगाई गई है। करीब साढ़े 10 हजार रुपए का खरीदा है। यहां पानी दूषित आ रहा है इसलिए घर में आरओ लगवाया है। दूषित पानी के कारण बच्चों, बुजुर्गों सहित कई लोगों की मौत हो चुकी है। सरकार कुछ ध्यान नहीं दे रहे है। पूरे इलाके में डर का माहौल है, पानी दूषित आ रहा है। इसी डर के कारण आरओ लगवाया है। टैंकर में भी गंदा पानी आ रहा है। इसका पानी भी पीने योग्य नहीं है। रहवासी भगवानदास ने बताया कि भागीरथपुरा में हुई घटना को देखते हुए खुद फैसला लिया है कि घर में आरओ लगवा लूं। आरओ किस्त में लेकर आया हूं। पानी की समस्या लगातार बनी हुई है। परिवार में भी बच्चों और मां की तबीयत खराब है। मां बिस्तर पर है। किस्त पर आरओ लेने मजबूरी हो गई थी। टैंकर का पानी भी खराब आ रहा है। वह खाने के लिए क्या नहाने के लिए भी इस्तेमाल नहीं करेंगे। टैंकर की हालत भी खराब है। उससे पानी भरने की भी इच्छा नहीं होती। पानी पीने में भी डर लगता है। पानी के लिए कैंपर खरीदकर लाना पड़ रहा था। सुरक्षा के लिए आरओ लगवाया है।

# वैमनस्य उत्पन्न करने वाले किसी भी आयोजन और गतिविधियों को करने पर प्रतिबंध

### भारतीय नागरिक संहिता की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह ने भारतीय नागरिक संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर इंदौर नगरीय सीमा में सांप्रदायिक तनाव और समुदायों के बीच में उत्पन्न करने वाले किसी भी आयोजन और अन्य गतिविधियों को करने पर प्रतिबंध लगाया है। आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत दंडनीय कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश आगामी 1 मार्च तक लागू रहेगा।**

जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के अनुसार इन्दौर नगरीय सीमा के अन्दर किसी भी समुदाय के व्यक्ति द्वारा दूसरे समुदाय की भावनाओं के विपरीत ऐसा कोई कार्यक्रम आयोजित नहीं किया जायेगा, जिससे शांति भंग होने की आशंका हो और न ही दूसरे समुदाय के धार्मिक भावनाओं के विरूद्ध किसी प्रकार का उत्तेजनात्मक भाषण दिया जायेगा और न ही सोशल मीडिया के माध्यम से गलत सूचना एवं अफवाहें फैलाई जायेगी। कोई भी व्यक्ति किसी खुले स्थान पर अथवा मकानों की छतों पर ईंट, पत्थर, सोडावाटर की बोतल या अन्य कांच की बोतल, ज्वलनशील पदार्थ अथवा कोई विस्फोटक सामग्री जमा नहीं करेगा और न रखेगा, जिसका प्रयोग आतंक उत्पन्न करने अथवा किसी हिंसात्मक गतिविधियों में किया जा सके। इन्दौर नगरीय सीमा के अन्दर कोई भी व्यक्ति ऐसा कोई अनुचित मुद्रण/प्रकाशन नहीं करेगा, जिससे साम्प्रदायिक तनाव अथवा समुदायों के बीच वैमनस्य उत्पन्न हो। कोई भी व्यक्ति मौखिक या लिखित , इलेक्ट्रानिक या सोशल मीडिया के माध्यम से गलत सूचना व ऐसी अफवाहें नहीं फैलायेगा, जिससे शांति भंग होने की आशंका हो और न ही सोशल मिडिया पर किसी प्रकार का ऐसा धार्मिक शब्द या प्रतीक चिन्ह का प्रयोग करेगा, जिससे किसी भी समुदाय को धार्मिक ठेस पहुंचे अथवा समाज में विद्वेष की भावना जागृत हो, यह कृत्य दण्डनीय अपराध है। सोशल मीडिया पर ग्रुप एडमिन का उत्तरदायित्व होगा कि ग्रुप से जुड़ा कोई भी व्यक्ति भडकाऊ अथवा अफवाह फैलाने संबंधित कोई पोस्ट नहीं करेगा। यदि कोई ऐसा पोस्ट करता है, तो ग्रुप एडमिन उसे तत्काल डिलीट कराते हुये संबंधित व्यक्ति को ग्रुप से बाहर करेगा और स्थानीय पुलिस को सूचित भी करेगा।

किसी भी साइबर कैफे के स्वामी/संचालक द्वारा किसी भी अनजान व्यक्ति, जिसका परिचय किसी विश्वसनीय प्रमाण-पत्र जैसे परिचय पत्र, मतदाता पहचान पत्र, राशन कार्ड, ड्राइविंग लायसेंस, पासपोर्ट फोटो युक्त, क्रेडिट कार्ड, पैन कार्ड या ऐसे ही अन्य साक्ष्य से प्रमाणित न हो, को साइबर कैफे का उपयोग नहीं करने दिया जायेगा। समस्त आगन्तुकों/प्रयोगकर्ताओं का रजिस्टर रखे बिना सायबर कैफे संचालित नहीं किया जायेगा। सभी आगन्तुकों/प्रयोगकर्ताओं को उनके हस्तलेख में नाम, पता, दूरभाष नम्बर तथा परिचय का प्रमाण पत्र अंकित कराये बिना साइबर कैफे का प्रयोग वर्जित होगा। साइबर कैफे में बिना वेब कैमरा लगाये जिसमें प्रत्येक आगन्तुक/प्रयोगकर्ताओं की फोटो खींची जा सके तथा उसका अभिलेख सुरक्षित रखा जा सके, संचालित नहीं किया जायेगा। यह अभिलेख कम से कम छह माह तक सुरक्षित रखना होगा।

# 167 युवाओं को प्रतिष्ठित कंपनियों में मिला रोजगार

### स्वरोजगार के इच्छुक आवेदकों को शासन द्वारा संचालित स्वरोजगार योजनाओं की दी गई जानकारी

**इंदौर। मध्यप्रदेश शासन और जिला प्रशासन के निर्देशानुसार बेरोजगार आवेदकों को एक छत के नीचे रोजगार और स्वरोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला रोजगार कार्यालय, आईटीआई और जिला उद्योग केंद्र इंदौर के सामूहिक प्रयास से संयुक्त रोजगार मेले (युवा संगम) का आयोजन किया गया। इस युवा संगम कार्यक्रम में कुल 12 कंपनियों द्वारा विभिन्न रिक्त पदों की पूर्ति हेतु 167 आवेदकों का नौकरी और अप्रेंटिसशिप हेतु प्रारम्भिक रूप से चयन किया गया।**



जिला रोजगार कार्यालय के उप संचालक श्री पी.एस. मण्डलोई ने बताया कि इस रोजगार मेले में कुल 284 उम्मीदवारों ने पंजीयन कराया था, जिसमें से कुल 230 युवक एवं 54 युवतियां शामिल है। इसमें से 167 आवेदकों का प्रारंभिक रूप से फार्मासिस्ट, एचआर, सेल्स एक्जीक्यूटिव, डिजिटल मार्केटिंग, टेलीकॉलर, बेक ऑफिस, ट्रेनी, फीटर, वेल्डर, इलेक्ट्रिशियन, कोपा, टर्नर, ऑपरेटर आदि पदों के लिए चयन किया गया।

रोजगार मेले में जिला उद्योग केंद्र के मैनेजर द्वारा स्वरोजगार के इच्छुक आवेदकों को शासन द्वारा संचालित स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी और मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही स्वरोजगार हेतु प्रकरण तैयार करने के लिए प्रेरित किया गया। शासन की अप्रेन्टिशिप योजना अंतर्गत आवेदकों का चयन कर कंपनी में भेजे गये। उक्त कार्यक्रम तीनों विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों की सहभागिता से सफलतापूर्वक संपन्न कराया।

# किरायेदारों, कर्मचारियों, मजदूरों, यात्रियों, हॉस्टल में रहने वाले विद्यार्थियों की जानकारी निर्धारित प्रारूप में पुलिस को देना अनिवार्य

### प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इन्दौर। शहर में कानून व्यवस्था को कायम रखने/जन सामान्य के हित/जानमाल एवं लोक शांति को बनाये रखने हेतु किरायेदारों, घरेलू कामगारों, कर्मचारियों, हॉस्टल में रहने वाले विद्यार्थियों, पेइंग गेस्ट आदि की जानकारी संबंधित थाने पर दिया जाना अनिवार्य किया गया है। इस संबंध में पुलिस आयुक्त श्री संतोष कुमार सिंह ने प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये हैं। जारी आदेश के अनुसार किरायेदारों की सूचना संबंधित मकान/दुकान मालिक द्वारा संबंधित थाने पर विहित प्रारूप में दी जाना होगी। इसके पूर्व मकान/दुकान किराये से नहीं दी जाये। साथ ही आई.डी.प्रूफ आवश्यक रूप से लिया जाये। घरेलू कामगारों एवं व्यावसायिक कर्मचारियों की सूचना भी संबंधित मालिक द्वारा थाने पर विहित प्रारूप में देना होगी। उनसे भी आई.डी.प्रूफ आवश्यक रूप से लेना होगा। छात्रावासों में रह रहे छात्र एवं छात्राओं की सूचना विहित प्रारूप में संबंधित थाने को दी जाना होगी। साथ ही आई.डी.प्रूफ आवश्यक रूप से लिया जाना होगा। होटल, लॉज, धर्मशाला में रुकने वाले व्यक्तियों से पहचान पत्र अनिवार्य रूप से लेना होगा। ठहरने वाले व्यक्तियों की सूची विहित प्रारूप में प्रतिदिन थाने पर देना होगी।**

इसी तरह आदेश में कहा गया है कि भवन निर्माण एवं अन्य निर्माण कार्यों में लगे मजदूरों/कारीगरों की सूचना ठेकेदार द्वारा विहित प्रारूप में थाने पर देने के उपरांत ही उन्हें काम पर रखा जाए। साथ ही आई.डी. प्रूफ आवश्यक रूप से लिया जाये, इसके अतिरिक्त पुलिस द्वारा अतिथि पोर्टल प्रारम्भ किया गया है, इस पोर्टल पर भी रूकने वालों की जानकारी अवश्य दर्ज की जाये। पेइंग गेस्ट की सूचना संबंधित मकान मालिक द्वारा विहित प्रारूप में थाने पर दी जाये। इसके उपरांत ही पेइंग गेस्ट रखा जायें। साथ ही आई.डी. प्रूफ आवश्यक रूप से लिया जाये । ऐसे व्यक्तियों की सूचना जो 15 दिवस से अधिक समय तक निवास कर रहे हो, तत्काल थाने पर विहित प्रारूप में दी जाये। साथ ही आई.डी.प्रूफ आवश्यक रूप से लिया जाये। ऑनलाईन शॉपिंग/होम डिलेवरी/ कोरियर का कार्य करने वाली कंपनियों के व्यक्ति जो घर-घर जाकर पार्सल वितरित करते हैं, की जानकारी विहित प्रारूप में थाने पर दी जाये, साथ ही उनसे आई.डी.प्रूफ आवश्यक रूप से लिया जाये। स्पा सेंटर, मसाज सेंटर, ब्यूटी पार्लर पर कार्य करने वाले व्यक्तियों की जानकारी विहित प्रारूप में थाने पर दी जाये, साथ ही आई.डी. प्रूफ आवश्यक रूप से लिया जाये। प्राइवेट सुरक्षा एजेंसी के लिए नियुक्त किए गए गार्ड अथवा अपने स्तर पर नियुक्त किए गए गार्ड की जानकारी विहित प्रारूप में थाने पर दी जाये, साथ ही आई.डी.प्रूफ आवश्यक रूप से लिया जाये। होटल, लॉज, धर्मशाला आदि में रुकने वाले व्यक्तियों एवं किराये से मकान लेने वाले व्यक्तियों के संबंध में आई.सी.जे.एस. साफ्टवेयर तथा मोबाईल फेस फोरेनसिक ऐप से जानकारी सर्च की जाये। विदेशी व्यक्तियों के संबंध में तत्काल सूचना एफ.आर.आर.ओ. शाखा को दी जाये। यह आदेश तत्काल प्रभावी होकर 01 मार्च 2026 तक लागू रहेगा। इस आदेश का उल्लंघन अन्य अधिनियमों के साथ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध है।

आरटीओ ने जब्त की 7 बसें

# फायर सुरक्षा मानकों का बसों में नहीं हो रहा पालन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। परिवहन विभाग ने 7 बसें जब्त कर ली हैं। इनमें 3 स्लीपर कोच बसें शामिल हैं। बसों में गंभीर खामियां पाई गईं हैं। अब इनके परमिट निरस्त किए जाएंगे।**

सोमवार को तीन इमली बस स्टैंड और आसपास के क्षेत्रों में फायर मानकों और आपातकालीन निकास के इंतजाम को लेकर विशेष जांच अभियान चलाया था। एआरटीओ अर्चना मिश्रा ने बताया कि इन बसों में अग्नि सुरक्षा उपकरण, इमरजेंसी एग्जिट और पंजीयन के अनुसार निर्धारित बैठक क्षमता का पालन नहीं किया था। इसके चलते संबंधित स्लीपर कोच बसों के पंजीयन, फिटनेस और परमिट निरस्त करने के लिए मूल पंजीयन प्राधिकारी और संबंधित आरटीओ को पत्र लिखा जा रहा है। एक बस बिना वैध परमिट के संचालन करते हुए पाई गई, जिसे तत्काल जब्त कर लिया गया। जबकि एक बस का परमिट निरस्त किया है। निरीक्षण के दौरान पंजीयन और परमिट के अनुसार निर्धारित बैठक क्षमता में भी विसंगति पाई गई। इस आधार पर संबंधित बसों के पंजीयन और परमिट निरस्त करने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है।




एआरटीओ राजेश गुप्ता ने बताया - आगे भी जांच जारी रहेगी। हमने बस संचालकों से कहा है कि यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए वैध दस्तावेज, अग्नि सुरक्षा उपकरण, इमरजेंसी एग्जिट और अन्य निर्धारित मानकों की पूर्ति सुनिश्चित करने के बाद ही वाहनों का संचालन करें, अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। परिवहन विभाग के अनुसार, 1 अक्टूबर 2023 के बाद पंजीकृत डीलक्स बसों में (फायर डिटेक्शन एंड सप्रेशन सिस्टम) तथा डीलक्स बसों और स्कूली वाहनों में (फायर अलार्म एंड प्रोटेक्शन सिस्टम) अनिवार्य किया गया है। जबकि 1 अक्टूबर 2023 से पहले पंजीकृत वाहनों में निर्धारित वजन का सीजफायर, तय संख्या में इमरजेंसी एग्जिट और आपात स्थिति में कांच तोड़ने के लिए हैमर होना अनिवार्य है। जब्त की गई 3 स्लीपर बसों में ये व्यवस्थाएं नहीं मिली।

# प्रेमिका के साथ रह रहा था पति पत्नी ने आकर मोंगरी से पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में रहने वाली एक महिला द्वारा जहर खाकर आत्महत्या का प्रयास करने का मामला सामने आया है। घटना 2 जनवरी की रात की है। गंभीर हालत में महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जिसके चलते उस समय पुलिस उसके बयान नहीं ले सकी। बाद में होश में आने पर दिए गए बयान के आधार पर पुलिस ने रविवार को आरोपी महिला के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।**

परदेशीपुरा पुलिस के अनुसार सूचना मिली थी कि सोना बिलवारे नाम की महिला ने जहर खा लिया है और उसकी हालत गंभीर है। उसे आईसीयू में भर्ती कराया गया था। जब पुलिस जांच के लिए अस्पताल पहुंची तो डॉक्टरों ने महिला को बयान देने की स्थिति में नहीं बताया। इसके बाद पुलिस टीम लौट गई और बाद में बयान लेने की कार्रवाई की गई। होश में आने के बाद महिला ने पुलिस को बताया कि वह धीरज पुत्र लक्ष्मी नारायण कुशवाह के साथ पिछले करीब चार साल से लिव-इन रिलेशनशिप में रह रही है। धीरज का अपनी पत्नी रेखा कुशवाह से संपर्क बना हुआ था। महिला के अनुसार 2 जनवरी की रात वह धीरज के साथ घर पर मौजूद थी, तभी उसकी पत्नी रेखा वहां पहुंच गई। आरोप है कि रेखा ने पति के साथ रहने को लेकर विवाद शुरू किया और महिला से घर छोड़ने को कहा। इसके बाद उसने अपशब्द कहे और मोगरी उठाकर बेरहमी से मारपीट की। साथ ही घर का सामान भी यह कहकर फेंक दिया कि यह सब धीरज ने दिलाया है। इस दौरान धीरज ने अपनी पत्नी को रोकने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं मानी और उसे साथ लेकर बाहर चली गई। महिला ने पुलिस को बताया कि इस घटना से वह मानसिक रूप से बेहद आहत हो गई। कुछ देर बाद उसने जहर पी लिया। आसपास के लोगों ने जब उसकी हालत बिगड़ती देखी तो उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। पूरे मामले में बयान दर्ज करने के बाद परदेशीपुरा पुलिस ने वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर रविवार को रेखा कुशवाह के खिलाफ मारपीट और प्रताड़ना के आरोप में एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

## मंत्री श्री सिलावट पहुंचे अरबिंदो अस्पताल प्रभावितों से ली स्वास्थ्य उपचार की जानकारी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट सोमवार को अरविंदो अस्पताल पहुंचे। उन्होंने भागीरथपुरा के प्रभावित भर्ती मरीजों से मिलकर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने प्रभावितों के परिजनों को विश्वास दिलाया कि घबराएं नहीं, राज्य शासन उनके साथ है। अस्पताल में भर्ती सभी मरीजों का मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर समुचित निःशुल्क बेहतर उपचार किया जा रहा है। सभी प्रभावित मरीज शीघ्र स्वास्थ्य होकर अपने-अपने घरों को लोटेंगे। जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट ने प्रभावितों के परिजनों से भी स्वास्थ्य उपचार के सम्बंध में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने अरविंदो अस्पताल के सभी डॉक्टरों को भी निर्देशित किया है कि वे अस्पताल में भर्ती प्रभावितों का उपचार और उनकी देखभाल पर विशेष ध्यान दें।

# 8 जिलों में नए उद्योगों के लिए लैंड बैंक तैयार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** शहर सहित प्रदेशभर में बढ़ रहे औद्योगिक निवेश को देखते हुए एमपीआईडीसी ने 17 हजार एकड़ का नया लैंड बैंक तैयार किया है। मालवा-निमाड़ के 8 जिलों में लगभग 17 हजार एकड़ का लैंड तैयार किया गया है। इसके साथ ही एमपीआईडीसी से मिली जानकारी के अनुसार साल 2025 में 4 हजार एकड़ से अधिक जमीनों का आवंटन 125 नए उद्योगों को किया है, जिसमें लगभग 22 हजार करोड़ रुपए के निवेश के साथ 66 हजार से अधिक को रोजगार मिलने का दावा किया गया है। इंदौर-पीथमपुर इंडस्ट्रीयल कॉरिडोर, सेक्टर 7 और पीएम मित्र पार्क में भी बड़ी कंपनियों ने जमीनों का आवंटन करवाया है। एमपीआईडीसी के मुताबिक लगभग 17 हजार एकड़ का लैंड बैंक इंदौर-पीथमपुर सहित आसपास के क्षेत्रों में तैयार कर लिया है और लगातार नए उद्योगों को जमीनों का आवंटन किया जा रहा है। बीते वर्ष यानी 2025 की बात की जाए तो 4 हजार एकड़ से अधिक जमीनें सवा सौ नई औद्योगिक इकाइयों को आवंटित की गई, जिनमें 22 हजार करोड़ रुपए का निवेश हो रहा है। आईटी, टेक्सटाइल, गारमेंट, पेंट्स, डाटा सेंटर, लॉजिस्टिक, वेयर हाउस सहित अन्य तमाम प्रोजेक्ट आ रहे हैं। इतना ही नहीं, जो पीएम मित्र पार्क मध्यप्रदेश को मिला है। उसमें भी अरविन्द, बेस्ट लाइफ, जैन कोर्ड इंडस्ट्रीज से लेकर ट्राइडेंट जैसी बड़ी कंपनियों को जमीनें आवंटित की गई हैं। इन जिलों में इंदौर, देवास, धार, उज्जैन, बड़वानी, खंडवा, खरगोन व एक जिला और शामिल है।

# नाबालिग लड़की को दोस्त ने पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** खजराना पुलिस ने एक नाबालिग लड़की के साथ जबरदस्ती और मारपीट करने के मामले में एफआईआर दर्ज की है। पीड़िता रविवार रात अपनी मां और बड़े पिता के साथ थाने पहुंची थी। मारपीट करने वाला युवक और पीड़िता के बीच काफी समय से दोस्ती है। खजराना पुलिस के मुताबिक, 17 साल की लड़की और उसकी मां की शिकायत पर 21 वर्षीय पुष्पराज पुत्र राजेन्द्र यादव के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस के मुताबिक लड़की की मां ने कहा कि वह निजी काम करती हैं। उनकी बेटी और पुष्पराज की करीब 4 साल से दोस्ती थी। दो माह से लड़की ने पुष्पराज से बात नहीं की थी, क्योंकि उसे शक था कि वह किसी और लड़के से बात कर रहा है। तब आरोपी ने उसे रास्ते में रोककर कहा कि उसका मोबाइल चेक कराए। लड़की ने मोबाइल देने से मना किया, तो आरोपी ने अपशब्द कहे और सड़क पर उसकी मारपीट शुरू कर दी। लड़की के बड़े पिता ने घटना देखी और बचाव के लिए पहुंचे। इस दौरान पुष्पराज ने उनसे भी विवाद किया और मारपीट की। आसपास के लोगों ने आकर स्थिति को नियंत्रित किया। आरोपी ने धमकी दी कि अगर लड़की ने उससे बात बंद की या किसी और से बात की तो वह जान से खत्म कर देगा। डर के चलते परिवार थाने पहुंचा और मामले में एफआईआर दर्ज कराई।

# सड़क किनारे गिरा होटल कर्मचारी, मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** जवाहर टेकरी क्षेत्र में एक होटल में काम करने वाले कर्मचारी की सड़क किनारे संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। चंदन नगर पुलिस ने दुर्गेश (45) रामचंद्र प्रसाद, निवासी मारुति पेलेस कॉलोनी, की मौत की जांच शुरू की है। पुलिस के अनुसार, दुर्गेश एक होटल में काम करता था। रविवार शाम को वह होटल से कुछ दूरी पर बाथरूम के लिए गया और उस दौरान जमीन पर गिर गया। अंधेरा होने के कारण आसपास किसी की नजर नहीं पड़ी। रात में लोगों ने सड़क किनारे पड़े दुर्गेश को देखा और होटल मालिक को सूचना दी। लेकिन तब तक दुर्गेश का शरीर अकड़ चुका था। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि संभवतः दुर्गेश तबीयत बिगड़ने के कारण गिरा। शरीर पर चोट के निशान नहीं हैं, लेकिन समय पर मदद नहीं मिलने के कारण वह सड़क किनारे ही पड़े रहा, जिससे उनकी मौत हुई। पुलिस का अनुमान है कि हार्ट अटैक और ठंड के कारण उनकी मौत हुई। परिवार ने बताया कि दुर्गेश होटल से थोड़ी दूर पर ही गए थे, लेकिन होटल मालिक ने उनकी स्थिति के बारे में जानकारी नहीं जुटाई। दुर्गेश पिछले 20 सालों से उसी होटल में कार्यरत थे। उनके परिवार में पत्नी और दो बेटे हैं। पुलिस के अनुसार, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।

# आज से मोहन कैबिनेट डिजिटल फार्मेट में होगी शुरू

## ●मंत्रियों, सचिवों को मिलेंगे टैबलेट, बैठक में होगा ई-कैबिनेट एप्लीकेशन प्रशिक्षण, प्रजेंटेशन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मोहन सरकार की आज होने वाली बैठक ई कैबिनेट के रूप में होगी। इस ई कैबिनेट के लिए प्रदेश के सभी मंत्रियों और विभागीय सचिवों को टेबलेट दिए गए हैं। बैठक में मंत्री एवं भारसाधक सचिव को ई-केबिनेट एप्लीकेशन के संबंध में प्रजेंटेशन एवं प्रशिक्षण दिया जाएगा जिससे डिजिटल सिस्टम का प्रभावी उपयोग किया जा सके।**

**मंत्री कभी भी कहीं भी देख सकेंगे कैबिनेट एजेंडा-** आज होने वाली कैबिनेट बैठक का एजेंडा मंत्रियों



को फिजिकली और एवं डिजिटली दोनों फार्मेट में उपलब्ध कराया जाएगा। इसके उपरांत यह डिजिटल रूप में भेजा जाएगा। ई-केबिनेट एप्लीकेशन एक आधुनिक तकनीक, कागज रहित , सुरक्षित और गोपनीय प्रणाली है, जिससे मंत्री कभी भी कहीं भी अपनी सुविधा अनुसार कैबिनेट की कार्यसूची देख सकेंगे।

ई-केबिनेट एप्लीकेशन प्रारंभ होने से भौतिक रूप से होने वाले फोल्डर वितरण, कागज एवं समय की भी बचत होगी। साथ ही ई-केबनेट एप्लीकेशन के माध्यम से पूर्व की बैठकों में लिए गए निर्णयों का पालन प्रतिवेदन भी देखा जा सकेगा।

# 15 लाख की सोयाबीन से भरा ट्रक चोरी

## ● पुलिस ने 10 दिन तक मोबाइल लोकेशन से किया पीछा, 45 लाख का माल जब्त



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी।** बड़नगर मंडी से 15 लाख रुपए की सोयाबीन से भरा ट्रक चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम नीमच, जयपुर, चित्तौड़गढ़ और रतलाम तक आरोपियों का पीछा करती रही।

पुलिस ने बदनावर क्षेत्र में वंडर सीमेंट फैक्ट्री के पास घेराबंदी कर सोयाबीन से भरे ट्रक सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। 45 लाख रुपए का सामान जब्त किया है। नरेंद्र पिता सतीशचंद्र राठी,निवासी बड़नगर ने बड़नगर पुलिस को बताया था कि वह अपने भाई अतुल राठी के साथ कृषि उपज मंडी बड़नगर में फर्म सतीश चन्द्र गीरिश चन्द्र के नाम से कृषि उपज का व्यवसाय करते हैं।

25 दिसंबर को लगभग 280 क्विंटल सोयाबीन से भरा ट्रक मंडी परिसर स्थित गोदाम के सामने खड़ा था, जिसे मोरवी नंदन प्रोटीन्स लिमिटेड, नीमच भेजा जाना था। लेकिन देर रात को ट्रक चोरी हो गया। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना बड़नगर में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार पाटीदार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम नीमच, जयपुर (राजस्थान), चित्तौड़गढ़ एवं रतलाम तक आरोपियों का पीछा करती रही। अंततः बदनावर क्षेत्र में वंडर सीमेंट फैक्ट्री के पास घेराबंदी कर सोयाबीन से भरे ट्रक सहित दो आरोपियों सुरजमल कुमावत (32), निवासी चित्तौड़गढ़, तनिष्क कुमावत (19), चित्तौड़गढ़ को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों से 279 क्विंटल सोयाबीन कीमत लगभग 15 लाख रुपए तथा 30 लाख रुपए कीमत का ट्रक, कुल 45 लाख रुपए का माल जब्त किया है।

### रीवा में 'लोल की लाई' की बंपर डिमांड

# मकर संक्रांति के लिए बढ़ाया स्टॉक यूपी–बिहार वालों की पहली पसंद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रीवा , एजेंसी।** मकर संक्रांति मेला को लेकर रीवा में 'लोल की लाई' की मांग लगभग दोगुनी हो गई है। लाई खरीदने के लिए इन दिनों ग्राहकों की लंबी कतारें लग रही है। भीड़ को देखते हुए लोल इस बार अतिरिक्त स्टॉक तैयार कर रहे हैं।

**पूसी तेरस पर सबसे ज्यादा बिक्री, संक्रांति पर बढ़ी मांग** - स्थानीय बाजारों में हर साल पूसी तेरस से लाई की बिक्री शुरू हो जाती है, लेकिन इस बार मांग पिछले सालों की तुलना में काफी अधिक देखी गई है। लाई व्यापारी लोल के अनुसार इस साल पूसी तेरस पर बिक्री 30–35% बढ़ी मकर संक्रांति के दिन करीब मांग 50–60% तक पहुंचने की संभावना है। रीवा और आसपास के ग्रामीण इलाकों में बड़े पैमाने पर खरीदी होती है। लोग मानते हैं कि जब तक लाई और रूख न खरीद



लिया जाए तब तक संक्रांति का त्योहार अधूरा रहता है। इस बार मौसम अनुकूल होने से लाई की क्वॉलिटी भी बेहतर है। इसलिए लोग ज्यादा मात्रा में खरीद रहे हैं।

**क्यों बढ़ रही है 'लोल की लाई' की डिमांड**? रीवा–विंध्य इलाके में पारंपरिक तौर पर लाई का उपयोग तेरस, संक्रांति, खरमास और शुभ मुहूर्तों के दौरान किया जाता है। लेकिन इस बार डिमांड बढ़ने के पीछे दो प्रमुख कारण हैं।

**यूपी-बिहार के लोग ज्यादा खरीद रहे** - रीवा में बड़ी संख्या में उत्तर प्रदेश और बिहार के लोग पिकनिक मनाने के लिए आते हैं। इन राज्यों में संक्रांति पर लाई खाना शुभ माना जाता है, इसलिए इनकी खरीद लगातार बढ़ रही है।

**थोक बुकिंग भी बढ़ी** - लोल बताते हैं कि कई दुकानदार थोक में लाई बुक कराते हैं। इस लाई की सप्लाई रीवा के पड़ोसी जिले- सतना, शहडोल, सिंगरौली और प्रयागराज तक होती है।

कारोबारियों ने बढ़ाया स्टॉक, देर रात तक चलता है मेकिंग का काम लाई के सप्लायर्स लोल का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से माहौल ऐसा है कि जितनी लाई रखों, सब बिक जाती है। दुकानदारों ने 50-70% तक अतिरिक्त स्टॉक तैयार किया है। कई जगह भुजाइयां करवाई जा रही हैं। देर रात तक लाई तोलने-पैकिंग का काम लगातार जारी है। क्वालिटी को लेकर भी इस बार विशेष ध्यान रखा जा रहा है। परंपरागत लोल की लाई इस बार ग्राहकों के लिए नई वैराइटी भी आई है। जिसका अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। गुड़ वाली लाई, तिल-लाई मिक्स, फुल्ली लाई, हल्की नमकीन टच वाली लाई, बच्चों के लिए शुगर-फ्री लाई।

# दोषियों के विरुद्ध कठोर कदम उठाए जाएं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** इंदौर में दूषित पानी से जुड़ी 15 मौतों के मामले को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह और मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने इस घटना को अत्यंत निंदनीय और चौंकाने वाला बताते हुए कहा कि इसके लिए जिम्मेदार सभी लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। दिग्विजय सिंह ने कहा कि इस पूरे मामले में वहां के महापौर, पार्षदों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भूमिका भी गंभीर सवालों के घेरे में है और उनका आचरण निंदनीय है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कदम उठाए जाएं, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

### प्रदीप मिश्रा बोले

# शिव की तरह विष पीकर राष्ट्र की रक्षा करता है संघ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित सामाजिक सद्भाव बैठक में सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि सामाजिक सद्भाव कोई नई अवधारणा नहीं है, बल्कि यह हमारे समाज का स्वभाव रहा है। समाज में सज्जन शक्ति का जागरण, आचरण में पंच परिवर्तन और निरंतर सद्भावना संवाद आज की अनिवार्य आवश्यकता है। दो सत्रों में बैठकें आयोजित की गईं। प्रथम सत्र का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पण के साथ हुआ। मंच पर सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत, प्रख्यात कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा और मध्यभारत प्रांत संघचालक अशोक पांडेय उपस्थित रहे। मध्यभारत प्रान्त के 16 जिलों से समाज के विभिन्न



वर्गों और संगठनों के प्रतिनिधियों ने बैठक में सहभागिता की। कार्यक्रम में कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा-शिव भी विष पीते हैं और राष्ट्र की रक्षा करते हैं। संघ भी विष पीकर राष्ट्र की रक्षा करने में लगा हुआ है। किस तरह से आने वाली पीढ़ी को बनाया जाए। पहले सत्र में पंडित प्रदीप मिश्रा ने अपने आशीर्वचन में कहा कि सभी समाज अपने-अपने स्तर पर कार्य कर रहे हैं, लेकिन यह प्रश्न भी आवश्यक है कि हमने राष्ट्र के लिए क्या किया और राष्ट्र को क्या दिया। उन्होंने कहा कि संघ और शिव के भाव में अद्भुत समानता है। जैसे शिव ने समस्त सृष्टि के लिए विष पिया, वैसे ही संघ प्रतिदिन आरोपों का विष पीकर भी संयम और राष्ट्रहित में कार्य करता है। प्रदीप मिश्रा ने कहा कि जन्म चाहे किसी भी जाति में हुआ हो, पहचान अंततः हिंदू, सनातनी और भारतीय की ही है। प्रत्येक भारतीय में राष्ट्रोत्थान और समाजोत्थान की अद्भुत क्षमता है। धर्मांतरण को उन्होंने केवल वर्तमान पीढ़ी ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी प्रभावित करने वाला गंभीर षड्यंत्र बताया और इसके प्रति समाज को सजग रहने का आह्वान किया।

# प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मऊगंज, एजेंसी।** जिले में सड़क किनारे मिले शव की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। इस हत्या के मामले में मृतक की पत्नी कंचन दहिया और प्रेमी की दोस्त बहुती गांव निवासी संजना सिंह को गिरफ्तार किया गया है। दोनों महिला आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। पत्नी कंचन ने अपने पति की हत्या प्रेमी से करवाई थी। हालांकि प्रेमी और हत्या में साथ देना वाला प्रेमी का दोस्त दोनों फरार है। 30 दिसंबर की सुबह करीब 7 बजे डगडौआ गांव के पास ग्रामीणों ने सड़क किनारे एक शव देखा गया था। शव पर धारदार हथियार के गंभीर निशान थे। 31 दिसंबर को मृतक की पहचान सतना के टिकुरिया टोला निवासी एंबुलेंस चालक सुधीर दहिया उर्फ लाला के रूप में हुई थी।

## संपादकीय

# भयमुक्त न्यायाधीश ही लोकतंत्र की नींव

सुप्रीम कोर्ट ने अहम फैसले में कहा कि एक बेखौफ जज ही स्वतंत्र न्यायपालिका की नींव होता है। ऐसे में किसी जज के फैसले में गलती होने पर उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं की जा सकती। शीर्ष अदालत ने न्यायपालिका के सदस्यों के खिलाफ दायर की जाने वाली फिजूल शिकायतों पर भी चिंता जताई। सर्वोच्च अदालत ने कहा कि ऐसी शिकायतों की वजह से ट्रायल कोर्ट के जज जमानत जैसे मामलों में डर-डर कर काम करते हैं। एक ट्रायल जज के बचाव में आते हुए सुप्रीम कोर्ट ने अहम टिप्पणी की है। पूरा मामला उस वक्त सामने आया जब मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने एक ट्रायल जज की सेवाएं समाप्त कर दी थीं क्योंकि उन्होंने एक आरोपी को जमानत देने में गलती की थी। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने इस फैसले को पलट दिया है। बेंच ने कहा कि जज के फैसले की शुद्धता नहीं, बल्कि उसके आचरण को देखा जाना चाहिए। हालांकि, अदालत ने यह भी कहा कि जब किसी जज के खिलाफ आरोप सच साबित होता है तो हाईकोर्ट को तुरंत दखल देना चाहिए, जिससे न्यायपालिका के अच्छे नाम को खराब करने वालों को बाहर निकाला जा सके। हालांकि, ऐसे केस में झूठी और गुमनाम शिकायतों का सामना कर रहे जज का बचाव भी करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा कि एक बेखौफ जज स्वतंत्र न्यायपालिका की रीढ़ है, ठीक वैसे ही जैसे स्वतंत्र न्यायपालिका खुद उस नींव पर टिकी है जिस पर कानून का शासन टिका है। जस्टिस विश्वनाथन ने मामले में कहा कि एक न्यायिक अधिकारी को कई केसों के फैसला का कठिन कर्तव्य सौंपा जाता है। जस्टिस विश्वनाथन ने कहा कि स्वाभाविक रूप से, मामले में एक पक्ष हार जाएगा और नाखुश होकर वापस जाएगा। उनमें से असंतुष्ट तत्व, बदला लेने की चाहत में, फालतू आरोप लगा सकते हैं। अदालत ने कहा कि ट्रायल कोर्ट पर भी बहुत अधिक काम का दबाव होता है और जज मुश्किल परिस्थितियों में काम करते हैं। एक दिन में बड़ी संख्या में मामले सूचीबद्ध होते हैं और अधिकांश न्यायिक अधिकारी अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते समय अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर गलत इरादे से या प्रेरित शिकायतों पर जांच शुरू की जाती है तो ट्रायल कोर्ट के कामकाज पर गंभीर असर पड़ेगा और कर्तव्यों का निडर होकर निर्वहन करना मुश्किल हो जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया कि यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि सिर्फ इसलिए कि कोई आदेश गलत है या फैसले में गलती है, किसी न्यायिक अधिकारी को अनुशासनात्मक कार्रवाई या मुकदमेबाजी के दौर से नहीं गुजरना पड़े। ऐसा इसलिए क्योंकि जब झूठे आरोप तेजी से लगाए जाते हैं, तो न्यायिक अधिकारी प्रतिक्रिया नहीं दे सकते। यहीं पर हाई कोर्ट को बहुत सावधानी और समझदारी से काम लेना चाहिए। शीर्ष कोर्ट ने निर्देश दिया कि संबंधित ज्यूडिशियल ऑफिसर को पिछली सैलरी के साथ बहाल किया जाए। सर्वोच्च अदालत ने फैसले में कहा कि जज के खिलाफ लगे आरोप में कोई दम नहीं था। कोर्ट ने यह स्पष्ट किया कि किसी जज की ईमानदारी पर सिर्फ इसलिए सवाल नहीं उठाया जा सकता क्योंकि उसका कोई आदेश गलत था। यह एक खतरनाक विचार होगा कि ऐसे फैसले और आदेश जो स्पष्ट रूप से वैधानिक प्रावधानों का उल्लेख नहीं करते हैं, वे अपने आप में बेईमानी वाले फैसले माने जाएं। जस्टिस पारदीवाला ने कहा कि सिर्फ शक के आधार पर विभागीय कार्यवाही शुरू करना ही वह मुख्य कारण है जिसकी वजह से निचली अदालतों के जज जमानत देने में अपनी विवेक का इस्तेमाल करने से हिचकिचाते हैं। इसका नतीजा यह होता है कि हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट जमानत याचिकाओं से भर जाते हैं। कोर्ट ने कहा कि ऐसा नहीं होना चाहिए कि किसी ट्रायल कोर्ट जज के मन में किसी प्रशासनिक कार्रवाई का डर होने की वजह से, वह किसी हकदार मामले में भी जमानत देने से इनकार कर दे।

## Health is Wealth

# किचन में रखी यह एक चीज हाई बीपी और कोलेस्ट्राल को करेगी कंट्रोल

**वैसे तो जीरा का पानी पीना सेहत के लिए अच्छा माना जाता है। यह पाचन क्षमता में सुधार करता है, ब्लोटिंग में कमी करता है और मेटाबॉलिज्म को भी बूस्ट करता है। इसी कारण से ज्यादातर लोग इसको अपनी डाइट का हिस्सा बना लेते हैं। जीरा पानी पीने से बॉडी को डिटॉक्स करता है। यह शरीर के सभी टॉक्सिंस बाहर चले जाते हैं, जो आपको बीमार करने का जोखिम बढ़ा सकते हैं। यह माना जाता है कि जीरे का पानी पीने से हेल्थ अच्छी होती है। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि जीरे का पानी पीने से ब्लड प्रेशर का स्तर कम होता है? इसलिए जीरा पानी को डाइट का हिस्सा बनाने से पहले यह जानकारी पता होनी चाहिए।**



## जीरा पानी किस तरह ब्लड प्रेशर को रेगुलेट करता है

### ● क्या जीरे का पानी पीने से ब्लड प्रेशर कम होता है ?

जीरा का पानी एक प्रकार से डिटॉक्स वॉटर है, जो ओवर ऑल हेल्थ को लाभ पहुंचाता है। अगर आप रोजाना जीरे का पानी पीते हैं, तो यह आपके ब्लड प्रेशर पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। जीरे के पानी में पोटैशियम सहित कई उपयोगी तत्व होते हैं, जो दिल की सेहत को बेहतर बनाए रखने में मदद करते हैं। यह खराब कोलेस्ट्रॉल को घटाने में सहायक होता है और खून के थक्के बनने के खतरे को कम करता है। नियमित सेवन से हाई बीपी को नियंत्रित करने में भी मदद मिल सकती है।

### ● पोटैशियम कंटेंटे

जीरे में सबसे अधिक पोटैशियम की मात्रा पाई जाती है। यह ब्लड प्रेशर के स्तर को कम करने और हार्ट रेट को रेगुलेट करने में मदद करता है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन में प्रकाशित हुई एक लेख में साफ लिखा है कि पोटैशियम की मदद से सोडियम के इफेक्ट को कम किया जा सकता है।

### ● एंटीऑक्सीडेंट पाया जाता है

जीरे में कई प्रकार के एंटीऑक्सीडेंट्स मौजूद होते हैं, जो शरीर के लिए बेहद फायदेमंद माने जाते हैं। ये एंटीऑक्सीडेंट्स शरीर में होने वाले ऑक्सीडेटिव तनाव को कम करने में मदद करते हैं, जिससे संपूर्ण स्वास्थ्य बेहतर रहता है। इसके असर से रक्त वाहिकाएं सही तरीके से काम करती हैं और रक्त संचार भी सुधरता है। इसी कारण जीरा ब्लड प्रेशर को संतुलित रखने में सहायक भूमिका निभा सकता है।

### ● कोलेस्ट्रॉल के स्तर की कमी

कोलेस्ट्रॉल का स्तर बढ़ने से हाई ब्लड प्रेशर की दिक्कत हो जाती है। ये दोनों ही आपसे में जुड़े हुए होते है। जब हाई कोलेस्ट्रॉल होता है, तो ब्लड वेसल्स में प्लाक जम जाता है, जिस कारण से ब्लड फ्लो बाधित होता है और यह अवस्था को ब्लड प्रेशर को भी प्रभावित करती है। यदि आप जीरा पानी पीते हैं, तो इसकी वजह से कोलेस्ट्रॉल के स्तर को संतुलित किया जा सकता है, जो कि ब्लड प्रेशर को सही तरह से रेगुलेट करता है, हार्ट डिजीज का रिस्क कम करता है और ब्लड क्लॉटिंग से भी बचाव करता है।

### ● कैसे पिएं जीरा का पानी ?

एक गिलास पानी लें और उसमें एक चम्मच जीरा डालकर भिगो दें। इसे लगभग 8 घंटे या पूरी रात ऐसे ही रहने दें। सुबह उठकर जीरे को छान लें और बचे हुए पानी को खाली पेट पीएं। नियमित रूप से ऐसा करने से बेहतर लाभ मिल सकता है। एक चम्मच जीरा लें और उसे एक से दो कप पानी में डालकर अच्छे से उबालें। लगभग 5–10 मिनट तक उबालने के बाद आंच बंद कर दें। अब पानी को छान लें और इस जीरे के पानी को चाय की तरह आराम से पिएं।

Paschim bangal

# भारत-बांग्लादेश सीमा पर नई किलेबंदी, चिकन नेक में लगी 12 फीट ऊंची स्मार्ट फेंसिंग, BSF की नई रणनीति

**सिलीगुड़ी, (एजेंसी)** पड़ोसी देश बांग्लादेश में जारी अशांति के बीच भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा पर हाई अलर्ट है। इसी कड़ी में सीमा सुरक्षा बल (BSF) ने रणनीतिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण चिकन नेक (सिलीगुड़ी कॉरिडोर) क्षेत्र में सीमा सुरक्षा को मजबूत करते हुए लगभग 75 प्रतिशत इलाके में नई डिजाइन की सीमा बाड़ (NDF) स्थापित कर दी है।

ट्रिब्यून ने बीएसएफ अधिकारियों के हवाले से लिखा कि 12 फीट ऊंची नई डिजाइन फेंसिंग को विशेष रूप से संवेदनशील इलाकों में लगाया गया है। इस बाड़ की खासियत यह है कि इसे काटने में कई मिनट लगते हैं



और इसकी ऊंचाई व संरचना के कारण इसे पार करना भी बेहद मुश्किल है। अधिकारियों का कहना है कि यह व्यवस्था घुसपैठ की कोशिशों और मवेशी तस्करी जैसी घटनाओं में प्रभावी कमी लाने में मदद करेगी।

एक वरिष्ठ बीएसएफ अधिकारी ने बताया कि चिकन नेक क्षेत्र भारत के उत्तर-पूर्वी राज्यों की लाइफलाइन है, क्योंकि यही गलियारा शेष भारत को पूर्वोत्तर से जोड़ता है। इसी कारण यहां तकनीक और मानव संसाधन- दोनों के जरिए सुरक्षा को अभूतपूर्व स्तर पर मजबूत किया जा रहा है। नई फेंसिंग के साथ-साथ सीमा पर पैन-टिल्ट-जूम (PTZ) कैमरे लगाए गए हैं, जो रियल-टाइम लाइव फीड प्रदान करते हैं और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करते हैं।

Bihar

## मोबाइल फोन देखते-देखते 10 साल के बच्चे को आया हार्टअटैक!...

● अचानक पीछे की तरफ गिरा था मयंक फिर उठ न पाया



**मुरादाबाद, (एजेंसी)** अमरोहा के मंडी धनौरा में कक्षा चार के एक बच्चे की मोबाइल फोन देखते समय मौत हो गई। प्रथम दृष्टया बालक की मौत हृदयगति बंद होने की वजह से मानी जा रही है। मौत की जानकारी होने पर परिजन फूट-फूट कर रोने लगे। घटना बीती 28 दिसंबर की है।

गांव झुझैला चक में दीपक सैनी का परिवार रहता है। उनका 10 साल का पुत्र मयंक पास के ही गांव कैसरा के एक स्कूल में कक्षा चार का छात्र था। वह बीती 28 दिसंबर की दोपहर करीब तीन बजे अपने घर में पलंग पर बैठकर मोबाइल फोन देख रहा था।

मोबाइल फोन देखते हुए मयंक अचानक पीछे की ओर गिर गया। परिजनों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। कुछ देर बाद मयंक की मां ने उसे पलंग पर बेसुध पड़ा देखा तो वह चौंक गईं। उन्होंने इसकी जानकारी अपने पति दीपक को दी।

परिजन उसे गांव के ही एक चिकित्सक के पास ले गए। उसने चेकअप के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी होने पर परिजन फूट-फूट कर रोने लगे। घटना की जानकारी होने पर ग्रामीण व रिश्तेदार भी आ गए।

New Delhi

## दिल्ली के मेट्रो स्टाफ क्वार्टर में लगी भीषण आग, पति-पत्नी और बच्चे समेत तीन की मौत

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** बाहरी दिल्ली के आदर्श नगर इलाके में मेट्रो स्टाफ क्वार्टर में आग लगने से पति-पत्नी और बच्चे समेत तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है। आग देर रात घर में रखे सामान की वजह से लगी। जिससे सो रहे परिवार को इसकी जानकारी नहीं हो सकी और कुछ ही मिनटों में आग ने विकराल रूप ले लिया। देर रात आग की लपटों ने जब विकराल रूप ले लिया तो पड़ोसियों ने तुरंत दमकल कर्मियों को सूचित किया। जानकारी मिलने के बाद दमकल की 5 गाड़ियों ने आग पर काबू पाने की कोशिश की। इस दौरान दमकल कर्मियों के सामने चुनौती थी कि आग पांचवीं मंजिल में लगी थी, जिसके कारण अधिक समय लगा। दमकलकर्मियों ने जब तक आग पर काबू पाया गया और अंदर देखा तो परिवार के तीन सदस्यों का शव जली हालत में पड़े थे। दिल्ली अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने बताया, उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के आदर्श नगर स्थित दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) के आवासीय परिसर की एक इमारत में सोमवार देर रात आग लगने से एक दंपति और उनकी 10 वर्षीय बेटी की मौत हो गई।

Uttarpradesh

## ट्रिपल मर्डर : बाप-बहन और भांजी को कुल्हाड़ी से काटा...

**प्रयागराज, (एजेंसी)** प्रयागराज के लोकापुर विशानी गांव में 10 बिस्वा जमीन के लिए बेटे ने पिता, बहन और भांजी की कुल्हाड़ी से प्रहार कर हत्या कर दी। वारदात के बाद तीनों शवों को एक कुएं में फेंक दिया और ऊपर से पुआल डाल दिया। सोमवार को आरोपी की गिरफ्तारी के बाद घटना का खुलासा हुआ।

राम सिंह पटेल (55) के दो बेटे और तीन बेटियां है। हत्यारोपी बड़ा बेटा मुकेश कुमार अपने परिवार के साथ अलग रहता है। छोटा बेटा मुकुंद (24), बेटी साधना और बड़ी बेटी किरण की लड़की आस्था (14) साथ रहते थे। घर में काफी दिनों से जमीन बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। मुकेश की हरकतों से नाखुश राम सिंह



ने मकान और जमीन छोटे बेटे मुकुंद के नाम लिख दी थी। शुक्रवार की रात मुकुंद घर पहुंचा तो ताला बंद था। शनिवार को वह मुकेश के पास पहुंचा और पूछताछ करने लगा तो दोनों में विवाद हो गया। इस पर मुकेश ने तमंचे से गोली चला दी। हालांकि, मुकुंद बाल-बाल बच गया। इसके बाद वह मऊआइमा थाने पहुंचा और बड़े भाई पर आशंका जाहिर करते हुए पिता, बहन और भांजी की गुमशुदगी दर्ज कराई।

खेल

# वैभव की विस्फोटक बल्लेबाजी से जीता भारत, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हासिल की 2-0 की अजेय बढ़त

**बेनोनी, (एजेंसी) वैभव सूर्यवंशी की विस्फोटक बल्लेबाजी की बदौलत भारत अंडर-19 टीम ने सोमवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ यूथ वनडे सीरीज में शानदार प्रदर्शन करते हुए डीएलएस पद्धति के तहत आठ विकेट से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ही भारत ने सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। वैभव ने महज 24 गेंदों में 68 रनों की धुआंधार पारी खेली, जिसमें उन्होंने 10 छक्के जड़े। उनकी इस आक्रामक पारी ने मैच को पूरी तरह भारत के पक्ष में मोड़ दिया।**



इससे पहले भारत ने शुरुआत वनडे भी डीएलएस पद्धति से 25 रनों से जीता था, जो इसी मैदान विलोमूर पार्क में खेला गया था। सीरीज में दूसरी बार खराब मौसम ने मैच में बाधा डाली। बिजली कड़कने के कारण खेल काफी देर तक रुका रहा, जिसके बाद डीएलएस नियम के तहत भारतीय टीम को 27 ओवर में 174 रनों का संशोधित लक्ष्य दिया गया। भारत ने इस लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया और सीरीज अपने नाम कर ली।

इस मुकाबले में भारत की अगुआई कर रहे वैभव सूर्यवंशी ने विस्फोटक बल्लेबाजी से महफिल लूट ली। उन्होंने महज 24 गेंदों का सामना किया और 283.33 के स्ट्राइक रेट से 68 रनों की शानदार पारी खेली। इस दौरान उनके बल्ले से एक चौका और 10 गगनचुंबी छक्के निकले।

### वैभव ने रचा इतिहास

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जारी तीन यूथ वनडे मैचों की सीरीज के लिए बीसीसीआई ने 14 वर्षीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को टीम की कमान सौंपी है। इसी के साथ उन्होंने बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। वह यूथ वनडे में किसी टीम की कमान संभालने वाले दुनिया के सबसे कम उम्र के कप्तान बन गए। उन्होंने इस मामले में पाकिस्तान के अहमद शहजाद का रिकॉर्ड तोड़ा। शहजाद ने साल 2007 में 15 साल 141 दिन की उम्र में पाकिस्तान की अंडर-19 टीम की कप्तानी की थी।

सिनेमा

## Avatar 3 की कमाई 18 दिनों में पहुंची ₹ 10,000 करोड़ के पास, बनी भारत में भौकाल मचाने वाली छठी हॉलीवुड फिल्म



जेम्स कैमरून हाल ही में 'अवतार' सीरीज की अपनी तीसरी फिल्म लेकर आए हैं 'अवतारः फायर एंड ऐश'। फिल्म अवतारः फायर एंड ऐश' देखने में भले ही शानदार हो, लेकिन कंटेंट के मामले में यह औसत फिल्म निकली। इसके बावजूद फिल्म की कमाई में कहीं कोई कमी नहीं दिख रही। दुनिया भर में इस फिल्म ने हैरान करने वाले आंकड़े पार कर लिए हैं। वहीं भारत में भी फिल्म शानदार कमाई कर ली है। 'अवतारः फायर एंड ऐश' जेम्स कैमरून की अवतार सीरीज तीसरी फिल्म है। इससे पहले साल 2009 में 'अवतार' और 2022 में 'अवतारः द वे ऑफ वॉटर' रिलीज को ऑडियंस का अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। इस फिल्म को लेकर लोगों में काफी उम्मीदें थीं, क्योंकि 'अवतार' का नाम आते ही बड़ी फिल्म, एक अलग और अनोखी सी दुनिया और शानदार तकनीक का खयाल आता है। फिल्म का स्केल बहुत बड़ा है और भव्य लगती है। यही वजह है कि फिल्म जमकर कमाई भी कर रही है। sacnilk की रिपोर्ट के मुताबिक, इस फिल्म ने 18वें दिन यानी तीसरे सोमवार को 1.50 करोड़ रुपये की कमाई की है। कुल मिलाकर भारत भर में फिल्म ने 175.50 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है।

## Highlights

1. **I have never deviated from party line: Tharoor on controversies**
2. **RBI to handle Delhi govt's banking business, rupee public debt**
3. **H'yana CM evades question on Ram Rahim's parole, ends conference**
4. **Man, who stripped policewoman on camera, paraded in torn clothes in Raigarh**
5. **4 AAP MLAs suspended from Delhi Assembly for disrupting L-G's address over air pollution**

# Trent shares drop ~8% after revenue growth stays flat even during festive months

**NEW DELHI, (Agency).** Shares of Trent Ltd. plunged after the Tata Group-controlled apparel retailer projected its revenue to stay flat in what was a festive quarter.

Trent's share price fell as much as 8.32% to an intraday low of ₹4,060.65 on the BSE to emerge as the top loser on the benchmark Nifty 50 index, which itself was down 0.2%.

The operator of Zudio and Westside stores said on Monday its standalone revenue grew 17% year-on-year in the three months to December to 52.20 billion rupees ($579.3 million). Its revenue had also risen 17% in the previous three months.



The stock was the top percentage loser on the benchmark Nifty 50 index, which was down about 0.2% on the day.

# Farhan Akhtar's Excel Entertainment sells 30% stake to Universal Music in landmark deal

**NEW DELHI, (Agency).** Farhan Akhtar's Excel Entertainment Pvt. Ltd. has sold a minority stake to Universal Music Group NV's India unit, in a deal that pegs the valuation of the production company more than that of Karan Johar's Dharma Productions. The Hilversum, Netherlands-based company has agreed to invest ₹7,200 crore for a 30% stake, valuing the Mumbai-based production house at ₹2,400 crore, according to a joint statement on Monday (5 January 2026). The deal will form a "strategic partnership" to accelerate Excel's growth as well as further boost Universal Music's position in the "important" India market, it said. Founded by childhood friends and now moviemakers Ritesh Sidhwani and Farhan Akhtar in 1999, Excel Entertainment produced its first film 'Dil Chahta Hai' in 2001.

# HDFC Bank, Reliance Industries pull down Sensex, Nifty 50 from record levels

**NEW DELHI, (Agency).** India's stock market fell today, pulled lower by heavyweights HDFC Bank Ltd. and Reliance Industries Ltd., a day after Nifty 50 hit record high.

At 10:30 am, both S&P BSE Sensex and the NSE Nifty 50 were down roughly 0.20% each. The Nifty 50 hit an intraday record on Monday before reversing to close 0.3% lower.

Seven of the 16 major sectors declined. The broader small-cap and mid-cap indices rose 0.2% and 0.1%, respectively. HDFC Bank and Reliance Industries, the two biggest stocks on the benchmark indexes, dropped 1.6% and 3%. "Sentiment remains subdued due to geopolitical tensions and concerns over potential trade frictions, which continued to weigh on risk appetite," Ajit Mishra, senior vice president of research at Religare Broking, told Reuters.



### Stocks in news today

Reliance Industries said it does not expect any Russian oil imports in January, denying a Bloomberg News report that three vessels carrying Russian oil were headed to its Jamnagar refinery. Trent Ltd. fell as much as 8.34% after guiding for flat revenue growth in the festive quarter of October-December when consumers buy apparel.

Tata Motors PV Ltd. lost 3% after its unit JLR's third-quarter volumes dip 43.3% due to production stoppages linked to a cyberattack.

बैंक मैनेजर की सतर्कता से बची बड़ी ठगी

# इंदौर में बुजुर्ग महिला को किया डिजिटल अरेस्ट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कल्याण संपत क्षेत्र में रहने वाली 75 वर्षीय बुजुर्ग महिला को उसकी बेटी और बेटे की सूझबूझ से डिजिटल अरेस्ट ठगी का शिकार होने से बचा लिया गया। ठगों ने खुद को अधिकारी बताकर महिला को डराया और 4 लाख रुपए ट्रांसफर कराने की कोशिश की थी। स्टेट साइबर सेल के डीएसपी नरेंद्र रघुवंशी ने बताया कि कनाडिया क्षेत्र में रहने वाली बुजुर्ग महिला अपनी बेटी के साथ रहती हैं। शनिवार को बेटी के घर से बाहर जाने के बाद महिला के पास एक अनजान नंबर से व्हाट्सएप वीडियो कॉल आया। कॉल करने वाले व्यक्ति ने खुद को सीबीआई अधिकारी बताया। उसने कहा कि महिला के बैंक खाते में 6 करोड़ रुपए जमा होने की जानकारी मिली है और इसी मामले में अब आपकी गिरफ्तारी होगी।**

नकली अधिकारी ने महिला को किसी से भी बात न करने की हिदायत दी और कॉल डिस्कनेक्ट न करने का दबाव बनाया। इसके बाद उसने महिला से एटीएम कार्ड की जानकारी मांगी। महिला ने बताया कि एटीएम कार्ड उनकी बेटी के पास रहता है। इसके बाद आरोपी ने बेटी के एटीएम कार्ड का फोटो भेजने को कहा। बेटी मीटिंग में होने के कारण कुछ देर बाद भेजने की बात कहने लगी। जब उसने फोटो मांगने का कारण पूछा तो बुजुर्ग महिला ने कुछ भी बताने से इंकार कर दिया। इसके बाद नकली सीबीआई अफसर ने महिला पर बैंक जाकर 4 लाख रुपए RTGS करने का दबाव बनाया। साथ ही कहा कि अगर किसी को बताया तो मामला और बिगड़ जाएगा। आरोपी ने महिला से मोबाइल चालू रखने और बैग में रखने के लिए कहा। बैंक पहुंचकर बुजुर्ग महिला ने मैनेजर से 4 लाख रुपए ट्रांसफर करने की मांग की।

बुजुर्ग महिला के बेटे के किसी अन्य बैंक में बड़े पद पर होने की जानकारी होने पर बैंक मैनेजर को शक हुआ। मैनेजर ने तुरंत महिला के बेटे से संपर्क किया। बेटे ने पैसे ट्रांसफर करने से साफ मना कर दिया और बहन से बात की। इसके बाद परिवार ने स्टेट साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलते ही स्टेट साइबर सेल की टीआई अंजू पटेल तत्काल बुजुर्ग महिला के पास पहुंचीं। उन्होंने महिला का मोबाइल लेकर व्हाट्सएप कॉल पर फर्जी सीबीआई अफसर से बात की।

# होटल में पकड़ाया कश्मीरी युवक, लव जिहाद का आरोप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। निजी ट्रैवल्स में काम करने वाली एक युवती को हम्मालों की यूनियन चलाने वाले एक कश्मीरी युवक के साथ होटल में देखा गया। सूचना मिलने पर बजरंगा पुलिस मौके पर पहुंची।**

मामले में बजरंग दल ने युवक पर लव जिहाद का आरोप लगाया और कड़ी कार्रवाई की बात कही। हालांकि, युवती ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कराने से इनकार कर दिया। पुलिस ने सोमवार को आरोपी पर प्रतिबंधात्मक धाराओं में कार्रवाई की। टीआई सुरेंद्र रघुवंशी के मुताबिक, सोमवार को इम्तियाज अहमद मलिक निवासी आजाद नगर के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की। विहिप के प्रचार प्रमुख देवा शर्मा ने बताया कि जिला संयोजक लक्की रघुवंशी को सूचना मिली कि पलासिया इलाके के एक होटल में इम्तियाज अहमद मलिक एक युवती के साथ रुका है। यह सूचना पुलिस को दी गई। रात में जब पुलिस होटल में पहुंची, तो इम्तियाज संदिग्ध स्थिति में युवती के साथ मिला। पूछताछ में इम्तियाज ने बताया कि वह निजी ट्रैवल्स की बसों के लिए हम्मालों की यूनियन चलाता है और होटल में किराए से रहता है। मूल रूप से वह जम्मू–कश्मीर के रामबन जिले के बनेहाल का निवासी है। युवती ने पुलिस को बताया कि वह एक निजी ट्रैवल्स में काम करती है और मूल रूप से बड़वानी की निवासी है। दोनों आपस में दोस्त हैं। बजरंग दल के पदाधिकारी प्रवीण देअकर ने कहा कि इम्तियाज पहले से शादीशुदा है। उसके परिवार में 4 बच्चे हैं और अपनी पत्नी के अलावा उसकी एक अन्य महिला से भी दोस्ती है। हालांकि, युवती द्वारा शिकायत न करने के कारण पुलिस ने थाने से ही इम्तियाज पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की।

# एयरपोर्ट पर कुर्सी और चार्जिंग की समस्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** देवी अहिल्याबाई होलकर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर यात्री सुविधाओं को लेकर यात्रियों की शिकायत एक बार फिर सामने आई है। वेटिंग एरिया में पर्याप्त कुर्सियां नहीं होने और चार्जिंग पॉइंट्स खराब होने को लेकर यात्रियों ने नाराजगी जताई है। इंदौर से यात्रा कर रहे एक यात्री एस. लखोटिया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शिकायत करते हुए लिखा कि यात्री सुविधाओं के मामले में इंदौर एयरपोर्ट सबसे खराब एयरपोर्ट्स में शामिल है। यात्री एस. लखोटिया ने आगे लिखा कि गेट नंबर 10 और 11 पर चार्जिंग सॉकेट कम हैं और बैठने के लिए कुर्सियां भी पर्याप्त नहीं हैं। यात्री ने एयरपोर्ट की तुलना बस स्टैंड से कर दी। इस पर एयरपोर्ट प्रबंधन ने जवाब देते हुए माफी मांगी और कहा कि टर्मिनल पर कार्य चल रहा है। जल्द ही कुर्सियों की संख्या बढ़ाई जाएगी। यात्री का कहना है कि उड़ानों में देरी के दौरान लंबे समय तक खड़े रहना पड़ता है। मोबाइल चार्जिंग व कुर्सियों की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को ज्यादा परेशानी होती है। यात्रियों ने मांग की है कि सुविधाओं में जल्द सुधार किया जाए।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक